दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र – (2018–2019)
पुनरावृति पत्रिका

नाम : ————————————— विषय : हिन्दी
कक्षा : पाँचवीं अनुक्रमांक : ————

उपविषय – पाठ – 1 एक–एक (कविता), पाठ – 2 चने के खेत, पाठ – 3 पेड़ घूमने चला, पाठ – 4 पक्षियों की सभा।
व्याकरण – भाषा और व्याकरण, संज्ञा भेदों सहित, वचन, लिंग, अपठित और पठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन।

प्र० 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

जब से मनुष्य ने समाज का निर्माण किया है उसने दूसरों से मिल–जुल कर रहना सीखना शुरू किया। इससे मनुष्य को साथी की आवश्यकता अनुभव हुई जो उसके सुख–दुख को बाँट सके तथा मुसीबत के समय उसके काम आए। उस साथी को ही मित्र कहते हैं। मित्रता दो शरीर एक प्राण का नाम है। सही मित्र का चुनाव व्यक्ति के जीवन को स्वर्ग और गलत मित्र का चुनाव नरक भी बना सकता है। एक प्रसिद्ध विद्वान ने कहा है – "विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है, जिसे ऐसा मित्र मिल जाए उसे समझना चाहिए कि खज़ाना मिल गया। ऐसी ही मित्रता करने का हमें यत्न करना चाहिए" । विद्यार्थी जीवन में तो छात्रों को मित्र बनाने की धुन सवार रहती है। संसार के अनेक महापुरुष मित्रों के कारण ही बड़े–बड़े कार्य करने में समर्थ हुए हैं। एक सच्चा मित्र ही हमेशा कर्तव्य से विमुख होने की नहीं कर्तव्य का पालन करने की सलाह देता है। अतः हमें मित्र चुनते समय बड़ी सावधानी एवं सोच–विचार से काम लेना चाहिए ताकि बाद में हमें पछताना न पड़े।

क निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–
1 कैसे मित्र का चुनाव मनुष्य के जीवन को स्वर्ग और नरक बना सकता है ?
2 मित्र चुनते समय हमें क्यों सोच–विचार करना चाहिए ?

ख निम्न शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए –
1 मित्र – दोस्त, भगवान
3 विद्यार्थी – मनुष्य, छात्र

ग निम्न वाक्यों में सही या गलत का निशान लगाएँ –
1 विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है। ( )
4 जब से मनुष्य ने समाज का निर्माण किया है उसने दूसरों से दूर रहना सीख लिया है। ( )

घ निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखिए –
1 मित्र किसे कहते हैं ?
क जो मुसीबत में भाग जाए ख जो मुसीबत में काम आए
2 मित्रता किसका नाम है ?
क दो शरीर और एक प्राण ख दो प्राण एक शरीर

पाठ से संबंधित

प्र० 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

राजहंस और उसके साथी उस पर्वत की चोटी की ओर उड़ चले। ठंड बहुत थी, हल्की–हल्की वर्षा भी हो रही थी, पर उन्होंने परवाह नहीं की। चोटी पर पहुँचकर राजहंस ने बादलों के राजा को प्रणाम किया और अपनी समस्या बताई। इस पर बादलों के राजा ने गरजती आवाज़ में कहा, "ये आदमी हर जगह मुसीबतें खड़ी कर रहे हैं। पर अब तुम सब लौट जाओ। मैं कुछ करता हूँ।" सब पक्षी अचरज वन लौट आए। कुछ दिनों बाद वर्षा हुई, तो कबूतर ने राजहंस से कहा, "मैं अभी–अभी अचरज नगर से आ रहा हूँ। वहाँ सब लोग परेशान हैं। नगर में हड़कंप मचा हुआ है। चारों ओर तेज़ाब की वर्षा हो रही है।"

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1 चोटी पर पहुँचकर राजहंस ने क्या किया ?

2 कबूतर ने राजहंस से क्या कहा ?

ख सही (✓) या (☒) का निशान लगाएँ –

1 राजहंस और उसके साथी नदी की ओर उड़ चले। ( )

प्र० 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क सैनिकों ने वृद्ध से क्या कहा ?

ख जलते चूल्हे को देखकर छोटे पेड़ ने क्या किया ?

ग हंस के कहने पर हाथी ने क्या कहा ?

प्र० 4 निम्न रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

क राजस्थान के एक ———————— में सेना ने डेरा डाला।

ख पेड़ हँसते–हँसते ———————— बनाने वाली जगह पर गया।

ग हाथी की भारी–भरकम ———————— सुनकर सन्नाटा छा गया।

प्र० 5 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ –

क मज़ा चखाना ख डेरा डालना ग वायु प्रदूषण

प्र० 6 सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए –

क बंदर ने क्या शरारत की ?

1 बच्चों से टोपियाँ छीनकर पहन लीं। 2 केले खाए

ख पक्षियों के सामने समस्या क्या थी ?

1 हवा का दूषित होना 2 भोजन का न मिलना

प्र० 7 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे –

क "जाओ चने के किसी अच्छे खेत की तलाश कर हरे चने लाओ और घोड़ों को खिलाओ।" -------

ख " पहले हम मंदिर गए, जहाँ लोगों ने हमें मिठाई और केले खिलाए।" ---------

प्र० 8 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए –

एक–एक उँगली ————————————

———————————— है हाथ।

एक–एक की ————————————

———————————— साथ।

(व्याकरण)

प्र० 9 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा का सही रूप लिखें –

क दादाजी समाचार पत्र पढ़ रहे हैं। ————————————

ख मयंक श्यामपट्ट पर कहानी लिख रहा हैं।————————————

प्र० 10 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द चुनकर कीजिए –

क संस्कृत भाषा ———————— लिपि में लिखी जाती है। (रोमन, देवनागरी)

ख केरल में ———————— भाषा बोली जाती है। (मलयालम, तमिल)

प्र० 11 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें –

क <u>रामायण</u> एक पवित्र ग्रंथ है। ————————————

ख प्रधानमंत्री ने <u>जनता</u> को सम्बोधित किया। ————————————

प्र० 12 कोष्ठक में लिखे शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाकर रिक्त स्थान भरिए –

क नदी का ———————— बहुत तेज़ है। ( बहना )

ख हमें सबके साथ ———————— रखना चाहिए। ( भाई )

प्र० 13 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए –

क सम्राट का प्रजा ने स्वागत किया।

ख मुझे माताजी ने आयुष्मान रहने का आशीर्वाद दिया।

कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

क राम प्रसाद की बेटी ————— है। (गुणवान, गुणवती)

ख सेठ का ————— दरवाज़े पर खड़ा है। (सेविका, सेवक)

15 रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए –

क माताजी बाज़ार से सब्ज़ी लाई।

ख माँ ने मुझे माला दी।

प्र० 16 'निधि' शब्द का वचन बदलकर लिखिए :–

प्र० 17 'हमारा पुस्तकालय' विषय पर रचनात्मक लेख सहायक सूची के माध्यम से लिखिए – (80–90 शब्द सीमा)

सहायक सूची : बहुत बड़ा, हवादार, विभिन्न विषय, पुस्तकें, ज्ञान में वृद्धि, साफ़–सफाई, नियमों का पालन, व्यवस्थित, पुस्तकें, चुपचाप, ज्ञान प्राप्ति, शांति का वातावरण।